


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/ म.प्र./ मन्दसौर/ 122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 203 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | मंगलवार 07 मई 2024 | मूल्य 2 रुपया

## सीएम डॉ. यादव का आज से मंदसौर-नीमच-जावरा संसदीय क्षेत्र में दो दिवसीय दौरा

### कई जगह करेंगे रोड शो

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंदसौर नीमच जावरा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के पक्ष में जनसमर्थन जुटाने के लिये लोकसभा क्षेत्र में आज से दो दिवसीय 7 और 8 मई को प्रवास पर रहेगें। कार्यक्रम अनुसार 7 मई को मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव हेलीकॉप्टर से शाम 05 बजे मनासा पंहुचेंगे। जहां भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के पक्ष में रोड शो करेगें। ततपश्चात भादवामाता मंदिर पंहुच कर मातारानी के दर्शन कर सांय 07 बजे नीमच पंहुच कर रोड शो करेगें।



रात्रि 09 बजे जिला मुख्यालय मंदसौर स्थित नक्षत्र गार्डन पंहुच कर रात्रि विश्राम करेगें। इसी प्रकार 08 मई को प्रातः 08 बजे नक्षत्र गार्डन पर पार्टी के कार्यक्रम में सहभागिता कर प्रातः 10 बजे भानपुरा पंहुच कर भव्य आमसभा को संबोधित करेगें। ततपश्चात भानपुरा से शामगढ प्रस्थान कर शामगढ़ में 11:15 बजे सभा को संबोधित करेगें। मुख्यमंत्री जी के लोकसभा क्षेत्र में प्रवास के दौरान सम्पूर्ण दो दिवसीय कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री जगदीश देवडा, केबिनेट मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, उज्जैन संभाग भाजपा संगठन प्रभारी जितू जिराती, सांसद एवं प्रत्याशी सुधीर गुप्ता, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, लोकसभा चुनाव प्रभारी बजरंग पुरोहित, संयोजक देवीलाल धाकड़, भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, पवन पाटीदार, प्रदीप उपाध्याय, संसदीय क्षेत्र के विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, हरदीपसिंह डंग, दिलीपसिंह परिहार, राजेन्द्र पांडे, माधव मारू, चन्दरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया सहित संसदीय क्षेत्र के समस्त वर्तमान एंव पूर्व जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारीगण साथ रहेगें। यह जानकारी बीजेपी मीडिया प्रभारी नीलेश जैन ने दी।

# तीन साल में डूबने से 25 की मौत



## कई जगहों पर नहाने के दौरान हुए हादसे

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर जिले में कुछ दिन ही बीतते हैं और जिले के किसी न किसी क्षेत्र में डूबने से युवाओं, महिलाओं या बच्चों की मौत की खबर सामने आ जाती है। जिले में हर साल औसत 8 से 10 लोगो की मौत पानी में डूबने से हो रही है। तीन साल में करीब एक दर्जन हादसों में पच्चीस लोगो की डूबने से मौत हो चुकी है। इनमे ज्यादातर स्कूली छात्र या युवक है। ये वे हादसे में जिनमें एक से अधिक बच्चों की एक साथ मौत हुई। जबकि आधा दर्जन से अधिक ऐसे हादसे भी है जिनमें एक-एक बच्चों या युवा की मौत तालाब, नदी, कुओं में डूबने से हुई है। इन हादसों पर शासन, प्रशासन से लेकर नागरिकों को भी गंभीर होने की आवश्यकता है। ताकि इस तरह के हादसों को रोका जाए और पानी में डूब रही मासूम जिदंगियों को बचाया जा सके।

### तालाब व अन्य जलाशयों में हादसे...

कुछ-कुछ समय में तालाब व अन्य जलाशयों में बच्चों के डूबने के हादसे हो रहे हैं। तीन साल में हुए करीब एक दर्जन हादसों में जिलेभर में लगभग पच्चीस लोगो की मौत हो चुकी है। अधिकांश हादसों में युवा या बच्चे तालाब तो कभी पानी के गड्ढों में नहाने के लिए उतरते है। लेकिन, पानी की गहराई पता नहीं होने के कारण डूब जाते हैं। अब तक हुए हादसों में अधिकांश में यहीं सामने आया है कि युवा या बच्चे तालाब व अन्य जलाशयों पर नहाने के लिए पहुंचे थे। ऐसे में अभिभावकों को सतर्क रहना बहुत आवश्यक है। बच्चे जब अकेले तालाब, कुओं व नदी पर जाए तो विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। तीन साल में पानी में डूबने से बच्चों की मौत के सबसे अधिक हादसे जून से अक्टूबर माह के बीच ही हुए है, यानि वर्षा के बाद जल स्त्रोतों में पानी की आवक होते ही इस तरह के हादसों की आशंका बढती है।

### पिछले कुछ सालों में हुए हादसे...

✻ अक्टूबर 2022 में शामगढ के पास तोला खेड़ी गांव में खेत से काम करके नाव से 8 लोग लौट रहे थे। इनमें 6 महिलाएं, एक लड़की और एक पुरुष शामिल थे। इस दौरान नाव पलट गई। हादसे में पांच महिलाओं की मौत हो गई थी।

✻ -21 मार्च 2021 को होली के दिन शामगढ के नजदीक ग्राम जूनापानी में स्थित तालाब में तीन दोस्त डूब गए थे। इनमें से एक को तैराक ने बचा लिया था, जबकि दो की मौत हो गई। 17 वर्षीय गोपाल व्यास, 17 वर्षीय विशाल बैरागी व 16 वर्षीय संस्कार तीनों निवासी शामगढ होली खेलने के बाद दोपहर में जूनापानी तालाब पर पहुंचे। यहां नहाते समय गोपाल व विशाल की डूबने से मौत हो गई थी। संस्कार को शामगढ के तैराक रोशन पंजाबी ने बचा लिया था।

✻ 10 अगस्त 2021 को ग्राम रहीमगढ़ में तालाब में डूबने से आठ वर्षीय गोविंद और 10 वर्षीय लखन की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दोनों बच्चे साइकिल से तालाब के पास खेलने गए थे और वहां तालाब में जाकर नहाने लगे। वहीं गहरे पानी में जाने से दोनों डूब गए। बाद में ग्रामीणों ने तालाब से बच्चों को बाहर निकाला तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

✻ -2 सितम्बर-2021 को सुवासरा क्षेत्र के ग्राम धनवा में तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। इस घटना में आठ वर्षीय अक्षय पुत्र जितेन्द्र बंजारा, सात वर्षीय पुत्र कान्हा उर्फ किशन बंजारा गांव में ही स्थित तालाब पर नहाने गए थे। नहाने के दौरान दोनों गहरे पानी में पहुंचे और डूब गए थे। लोगों की मदद से दोनों बच्चों को निकाला गया, तब तक डूबने से उनकी मौत हो चुकी थी।

✻ 4 सितंबर-2021 को जूनापानी गांव के तालाब में डूबने से आठ वर्षीय विशाल और 10 वर्षीय वर्षा की मौत हो गई थी। दोनों बच्चे खेलते-खेलते तालाब के पास चले गए थे। यहां गहरे पानी में जाने से वे डूब गए। लोगों ने दोनों को पानी से निकाला, लेकिन तब तक मौत हो चुकी थी।

✻ -2 जनवरी 2022 को चंदवासा चौकी क्षेत्र के ग्राम तोलाखेड़ी में चंबल नदी का बेकवाटर पार कर दर्शन करने जा रही तीन महिलाओं की नदी में डूबने से मौत हो गई थी। मृतिकाओ में दो सगी बहनें और एक बहू शामिल थी। इस हादसे में ग्राम तोलाखेड़ी निवासी सगी बहनें 55 वर्षीय मोहनबाई धनगर और 53 वर्षीय रामीबाई धनगर व बहू 32 वर्षीय कारीबाई धनगर की मृत्यु डूबने से हुई थी।

✻ 10 मई 2022 सीतामऊक्षेत्र के ग्राम दलावदा के पुराने तालाब में दो सगी बहनों सहित तीन बालिकाओं की डूबने से मृत्यु हो गई थी। तालाब में नहाने के दौरान दलावदा निवासी प्रकाश कुशवाह की 16 वर्षीय पुत्री आरती व 13 वर्षीय पुत्री गायत्री और उसके चचेरे भाई दिनेश कुशवाह की 14 वर्षीय पुत्री राधा की डूबने से मृत्यु हो गई थी।

✻ 11 जून 2022 आठ-लेन सड़क निर्माण में पुलिया निर्माण के लिए खोदे गए गहरे गड्ढे में नहाने पहुंचे दो बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई थी। ग्राम पांगाखेड़ा निवासी 10 वर्षीय विष्णु पुत्र विरमलाल मेघवाल एवं 10 वर्षीय यश पुत्र उमेश मेघवाल गांव कल्याणपुरा से अपने गांव पांगाखेडा आ रहे थे। तभी रास्ते में आठ-लेन के गड्ढे में भरे पानी में नहाने लगे। इसी दौरान विष्णु एवं यश की डूबने से मौत हो गई थी।

✻ 3 अगस्त 2022 को संजीत रोड पर स्थित ग्राम मूंदड़ी में स्थित खदान में भरे पानी में डूबने से चार किशोरों की मौत हो गई। यह सभी मंदसौर के निवासी थे। खदान में डूबने से 16 वर्षीय दीपक सिंघला निवासी कल्पना नगर, 16 वर्षीय कुणाल कछावा निवासी शंकर विहार, 17 वर्षीय ध्रुव शर्मा, 15 वर्षीय तरुणसिंह सोलंकी निवासी अभिनंदन की मृत्यु हो गई थी। चारों किशोर अपने दो अन्य साथियों के साथ शहर से लगभग 8 किमी दूर ग्राम मूंदड़ी में खदानों में भरे पानी में नहाने गए थे।

✻ 31 जुलाई 2023 को नगरी नगर परिषद क्षेत्र के ग्राम बुआखेड़ी में शास. उमावि के सामने स्टेडियम निर्माण के लिए खोदे गए गड्ढों में भरे पानी में डूबने से दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई थी। गड्ढों में वर्षा का पानी भरा हुआ था। वहां दोनों बच्चे हरीश पुत्र सत्यनारायण एवं राज पुत्र विनोद खेल रहे थे, अचानक उनका पैर फिसल गया और वे गड्ढे में भरे पानी में डूब गए। डूबने से दोनों बच्चों की मौत हो गई थी।

✻ 16 अक्टूबर 2023 को ग्राम सूर्याखेड़ा में पोखर में नहाने के दौरान बच्चों की डूबने से मौत हो गई। 10 वर्षीय कमल पुत्र मुकेश बंजारा एवं 12 वर्षीय जीवन पुत्र प्रकाश बंजारा पोखर में नहाने गए थे, इसी दौरान दोनों बच्चों की डूबने से मौत हो गई। बालक जीवन महिदपुर का निवासी था। वह कुछ दिन पहले ही अपने मामा के घर सूर्याखेड़ा आया था।

## चंबल में दो युवक डूबे एक का शव मिला



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** सीतामऊथाना क्षेत्र के तितरोद गांव के दो युवकों के चंबल नदी में डूबने की आशंका में सर्चिंग अभियान चलाया गया। डूबे युवकों मे से एक का शव गौतखोरो ने देर शाम निकाल लिया था। जानकारी के मुताबिक सीतामऊथाना क्षेत्र में तीतरोद गांव निवासी सूरज उर्फ कालू पिता जगदीश सूर्यवंशी उम्र 26 वर्ष व मनीष पिता अमरपुरी गोस्वामी 25 वर्ष दोनों सुबह मजदूरी पर गए थे। इनमें एक ड्राइवरी करता है। जबकि, दूसरा ट्रॉली भरने की मजदूरी करता है। रविवार की सुबह दोनों घर से मजदूरी करने निकले थे और शाम तक वापस नहीं लौटे तो परिवारजनों ने दोनों को ढूंढना शुरू किया। देर रात तक नहीं मिले तो थाने में गुमशुदगी दर्ज करवाई। बाद में परिजनों को दोनों के मोबाइल कपड़े और जूते नदी किनारे पड़े दिखाई दिए। इसके बाद आशंका जताई जा रही है कि दोनों की नदी में नहाने के दौरान डूब सकते हैं। बताया जा रहा है कि दोनों में से एक युवक को तैरना आता था। जबकि, दूसरा युवक तैरना नहीं जानता था। मामले में स्थानीय ग्रामीणों व पुलिस द्वारा नदी में सर्चिंग अभियान चलाकर दोनों युवकों की तलाश की जा रही है। इस दौरान एक युवक का शव मिल गया था।

## एमपी, राजस्थान और गुजरात पुलिस का इनामी आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** एमपी, राजस्थान और गुजरात पुलिस को जिस वांटेड ईनामी आरोपी रफीक पठान की तलाश थी। उसे राजस्थान की प्रतापगढ़ पुलिस ने पकड़ लिया है। मंदसौर की कोतवाली और भावगढ़ पुलिस को भी इस आरोपी की तलाश थी। इस पर 25 हजार रुपये का ईनाम घोषित था तो मंदसौर पुलिस ने भी रफीक पर पांच हजार का ईनाम घोषित कर रखा था।

मंदसौर के एनडीपीएस एक्ट के मामले में कोतवाली पुलिस को इसकी तलाश थी। बता दे कि इस पर मादक पदार्थो की तस्करी, हथियारों की तस्करी, शासकीय कार्य में बाधा, पशु क्रुरता अधिनियम, जानलेवा हमला सहित कई संगीन मामले दर्ज है।

प्रतापगढ़ जिले के अरनोद थाना इलाके के अखेपुर गांव के वांटेड, जिसको तीन राज्यों की पुलिस लम्बे समय से ढूंढ रही थी, पुलिस ने उसे शनिवार रात को गिरफ्तार किया है। आरोपी की तलाश राजस्थान, मध्यप्रदेश और गुजरात पुलिस कई माह से तलाश थी। राजस्थान पुलिस ने आरोपी बदमाश पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस जब बदमाश को अखेपुर गांव गिरफ्तार करने पहुंची तो महिलाओं ने विरोध किया, विरोध के बीच पुलिस रफीक को गिरफ्तार कर प्रतापढ़ ले आई।

पुलिस कप्तान लक्षमण दास ने बताया कि अगस्त 2023 में अरनोद थाना इलाके की एक ... शेष पेज 4 पर

### अदालत ले जाते हुए हो चुका फरार...

क्राइम ब्रांच इन्दौर मध्यप्रदेश के एनडीपीएस एक्ट के मामले में उपायुक्त अपराध इन्दौर महानगर द्वारा आरोपी पर 4 हजार रुपए इनाम, पुलिस थाना भावगढ़ जिला मन्दसौर मध्यप्रदेश में दर्ज एक मामले में आरोपी पर पुलिस अधीक्षक मन्दसौर द्वारा 2 हजार, पुलिस थाना मन्दसौर कोतवाली जिला मन्दसौर मध्यप्रदेश के एनडीपीएस एक्ट मामले में पुलिस अधीक्षक मन्दसौर द्वारा 5 हजार रुपए इनाम की घोषणा कर रखी थी। उल्लेखनीय है कि आरोपी मध्यप्रदेश की जैल से कोर्ट ले जाते समय पुलिस से झड़प कर फरार हो चुका है।

## युवक ने फांसी लगाई, मौत

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** केंट थाना क्षेत्र के बगीचा नंबर 10 में रविवार देर रात एक 17 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक ने फांसी क्यों लगाई। इसका कारण अज्ञात बताया जा रहा है। बड़े अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, रोहित पिता नंद किशोर माली निवासी बगीचा नंबर-10 नीमच सिटी रोड ने रविवार रात अज्ञात कारणों के चलते अपने घर मे फांसी लगा ली। जिसके बाद उसे परिजन बेसुध अवस्था में बड़े अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि रोहित को बड़े अस्पताल लाने से पहले एक निजी हॉस्पिटल भी ले जाया गया था। वही सोमवार को युवक के शव का परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमॉर्टम किया गया। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक भाजपा नेता बलवंत महावर का भतीजा है।

## अब व्हाट्स एप से कर सकेंगे 108 एम्बुलेंस को ट्रैक, 18 मिनट में पहुंचेगी

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** अब 108 एंबुलेंस इमरजेंसी सेवा व्हाटसएप पर भी उपलब्ध होगी। वाटसएप मैसेज के जरिए एंबुलेंस बुक की जा सकेगी। सूचना मिलने पर सिर्फ 18 मिनट में ही एम्बुलेंस घायलों तक पहुंच जाएगी। इसके लिए तैयार किए गए एप में इसकी लाइव लोकेशन भी ट्रैक की जा सकेगी। अब तक यह सेवा टोल फ्री नंबर 108 पर फोन करने पर मिलती थी। अब दोनों सेवाएं सुचारू रहेंगी।

सरकार ने 108 सिटीजन एप लॉन्च किया है। इस एप पर पिकअप (मरीज की वर्तमान लोकेशन) और जिस अस्पताल में जाना है वहां की लोकेशन दर्ज कर बुक कर सकेंगे। अगर घायल ज्यादा गंभीर है, तो एंबुलेंस में ही माइनर ऑपरेशन तक की सुविधा मिलेगी। जानकारी के मुताबिक एडवांस लाइफ सपोर्ट एबुलेंस में मरीजों को आईसीयू ऑन व्हील्स की सुविधा मिलेगी।

### ये सुविधाएं भी मिलेंगी...

अब एंबुलेंस के साथ नजदीकी अस्पताल के बारे में भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। ब्लड बैंक की जानकारी भी अब इस एप से जोड़ी जा रही हैं। इस एप के जरिए संजीवनी एंबुलेंस के साथ जननी एक्सप्रेस को भी बुला सकते हैं। इसमें वेंटीलेटर, ईसीजी मशीन, पल्स ऑक्सीमीटर, नेबुलाइजर, ऑटोलोडर स्ट्रैचर, स्कूप स्ट्रैचर, स्पाइन बोर्ड, सेक्शन ऑपरेटर, बीपी ऑपरेटर, मल्टी पेरा मॉनिटर, डीफीब्रिलेटर, किडनी ट्रे, थर्मामीटर के साथ कुछ अन्य जरूरी उपकरण की भी सुविधा है।

### हाई रिस्क गर्भवतियों की अलग ओपीडी...

रेफर होकर आने वाली हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं एवं अन्य गंभीर रोगियों के लिए अब सरकारी अस्पतालों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में अलग से ओपीडी बनाई जाएगी। गर्भवतियों के लिए जो काउंटर बनाया जाएगा, उसमें 3 कंप्यूटर ऑपरेटरों की व्यवस्था रहेगी। इसके बाद भी रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भीड़ रहती है तो आने वाले दिनों में सीनियर सिटीजन के लिए अलग काउंटर बनाएंगे। इसके आदेश सीएमएचओ प्रभाकर तिवारी ने जारी किए हैं।

### इनका कहना...

एंबुलेंस गर्भवती महिलाओं, रोड एक्सीडेंट, विभिन्न हादसों के घायलों, बेसहारा मरीजों और बुजुर्गों के लिए फ्री रहेगी। आयुष्मान कार्डधारी ई-पैनल, निजी अस्पतालों में फ्री जा सकेंगे। -

**तरूण सिंह परिहार, सीनियर मैनेजर, 108 एंबुलेंस**

## कांग्रेस प्रत्याशी के प्रचार में कहीं भी नजर नहीं आ रहा अनुभव और विजन..!

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा के अनुभवी सांसद प्रत्याशी सुधीर गुप्ता के नाम की घोषणा के बाद जब कांग्रेस ने दिलीप गुर्जर को प्रत्याशी घोषित किया था। तब पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं सहित गुर्जर गायरी धनगर समाज के अधिकांश मतदाताओं को लगा था कि अपने ही बीच से दिलीप गुर्जर को कांग्रेस का लोकसभा प्रत्याशी बनाया गया है। समाज जनों और पिछड़ा वर्ग में उत्साह का वातावरण भी बनने लगा था कि कांग्रेस संगठन में समाए भाजपा के स्लीपर सेल ने सोशल मीडिया पर गुर्जर को बाहरी प्रत्याशी बताकर अपना विरोध परोस दिया।



भाजपा के स्लीपर सेल के अलावा व्हाटसएप विश्वविद्यालय के छात्र और व्याख्याता और इससे जुड़ने वाले सभी दर्शक श्रोता दावा करते हैं कि ऐसे हथकंडों का असर व्यापक होता है। तो जिला कांग्रेस के भाजपाई स्लीपर सेल का व्हाटसएप पर परोसा गया ज्ञान विशेष कर संसदीय क्षेत्र के पिछड़ा वर्ग के पचास प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को नाराज कर गया। इतना की जिला भाजपा इस बात से डरी हुई थी कि आधे से अधिक पिछड़ा वर्ग के और गुर्जर गायरी धनगर मतदाता कांग्रेस के पिछड़े वर्ग के प्रत्याशी दिलीप सिंह गुर्जर के पक्ष में ना चले जाएं! क्योंकि भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी सामान्य वर्ग से आते हैं, ऐसा हो भी सकता था। खैर वैसे तो दिलीप गुर्जर छह विधानसभा चुनाव लड़ कर चार बार जीते भी हैं। बावजूद इसके क्षेत्र के जनमत की समस्याओं को समझने और उसका निदान कराने का विश्वास भी जनमत को दिला नहीं सके हैं।

अभी तक के चुनाव प्रचार में क्षेत्रीय जनमत को रिझाने का अनुभव और प्रभावित करने वाले विजन का भी अभाव नजर आ रहा है। कांग्रेस प्रत्याशी के साथ ऐसा वातावरण होने का कारण यह भी माना जा रहा है कि क्षेत्र में एक गुट विशेष की गैंग में फंसकर सीमित हो गए हैं। खुद जिला कांग्रेस में ही अनेक समूह है, अतः बाकी समूह के कार्यकर्ताओं ने प्रत्याशी दिलीप गुर्जर से दूरी बना ली है। सप्ताह भर पहले का मंदसौर कार्यकर्ता सम्मेलन में तो नगर के जितने पदाधिकारी हैं, उतने भी एकत्रित नहीं हो पाए थे। जितने आए थे वह भी आपस में एक दूसरे की खिलाफत प्रत्याशी के सामने ही कर रहे थे। प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा के क्षेत्र मल्हारगढ़ में श्यामलाल जोकचंद ही कांग्रेस को वोट दिला सकते हैं। दिलीप गुर्जर कांग्रेस के हारे हुए परशुराम सिसोदिया को साथ लेकर घूम रहे हैं, जबकि, वह मात्र 300 मतों से ही अपनी जमानत बचा पाए थे। नगर में विधायक विपिन जैन साथ है।

दिलीप गुर्जर का फॉर्म भरने आए प्रादेशिक मेहमान अरुण यादव ने जिस वाक्य से स्थानीय वरिष्ठनेता नरेंद्र नाहटा को संबोधित किया था, उनके समर्थकों सहित आम नागरिक को भी आहत कर गया है। इसका नकारात्मक असर भी दिलीप गुर्जर को भुगतना पड़ेगा। प्रदेश संगठन की पहल पर यहां भी वार रूम और क्षेत्र प्रभारी बनाए तो गए हैं। पर सामंजस्य का अभाव सतह पर बना हुआ है। किसी आयोजन में मंच पर कौन-कौन बैठेगा इसकी सूची भी कभी ब्लॉक अध्यक्ष बना रहे हैं तो कभी जिला अध्यक्ष के करीबी लोग, समाचार पत्रों और वरिष्ठपदाधिकारी तक को प्रत्याशी के प्रतिदिन के दौरा कार्यक्रम की जानकारी नहीं भेजी जा रही है।

मतदान का दिन करीब आते जा रहा है। अभी तक कार्यक्रमों को मॉनिटर करने वाला नियुक्त नहीं किया गया है। जो लोग कांग्रेस का काम करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्याशी को घेर चुकी गैंग नजरअंदाज किए हुए हैं। नगर के प्रबुद्ध कांग्रेस समर्थकों द्वारा मांगे जाने के बाद भी प्रत्याशी का कार्यक्रम नहीं पहुंच पा रहा है। कुल मिलाकर जब दिलीप गुर्जर कांग्रेस प्रत्याशी घोषित हुए थे, तब लगा था कि गुर्जर गायरी धनगर समूह और पिछड़ों के बहुतायत वाले मतों के सहारे जीत भी सकते हैं। किन्तु 6 विधानसभा चुनाव का अनुभव रखने वाले दिलीप गुर्जर अनुभवहीन और विजन विहीन नजर आ रहे हैं। जो आसपास के कांग्रेसियों की भावना ही समझ नहीं पा रहे हैं। क्षेत्र के 18 लाख से अधिक मतदाताओं की भावना को कैसे समझ पाएंगे!



# भाजपा प्रत्याशी गुप्ता ने किया रामपुरा मंडल में जनसंपर्क



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मोदी सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखकर काम किया है। मोदी सरकार ने आम आदमी को ध्यान में रखकर कई योजना बनाई हैं। आज 80 करोड लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है। आयुष्मान योजना के माध्यम से 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है। किसानों को सम्मान निधि मिल रही है। देश के विकास को गति देने का काम मोदी सरकार ने किया है। उन्होंने बीते 10 साल में विकास के मंत्र के साथ काम किया है। आगे भी इस मंशा से काम करेंगे। भारत विश्व गुरु के रूप में स्थापित करने और देश के विकास को गति देने का काम मोदी जी कर रहे हैं। अब हमारी बारी है कि अब हम उनको कुछ देने का काम करे। इसलिए 13 मई को हर घर से मतदाताओं का वोट डालने आना है, आशिर्वाद देना है। यह बात भाजपा प्रत्याशी सांसद सुधीर गुप्ता ने रामपुरा मंडल के ग्रामों में जनसंपर्क के दौरान कही। उन्होने कहा कि बिजली, पानी, मकान, शौचालय जैसी सुविधाओं को गरीब व्यक्ति तक पहुंचाने की योजनाओं हो इन सभी ने जमीनी स्तर पर क्रांति ला दी है।

सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने रामपुरा मंडल के बरलाई, सिंघाडिया पिपलिया, राईपुरिया, चचोर, देवराज, बमपुरा, भमेसार, बासनिया, भगोरी, जन्नोद, दुधलाई, खेतपालिया, मजिरिया, बारवाडिया, चन्द्रपुरा, अमरपुर, बैसला, भदाना में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा प्रत्याशी सुधीर गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार के 10 वर्षो में संसदीय क्षेत्र में विकास के कार्यो में कोई कमी नहीं छोडी है। हर वर्ग को लाभ पहुंचे मोदी जी की योजनाओं का लाभ दिलाया है। रामपुरा मनासा सिंचाई योजना से 215 ग्रामों के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध होगा। किसान तीन तरह फसलों का लाभ ले सकेगा जिसेस उसकी आर्थिक स्थिति ओर अच्छी होगी। सडक निर्माण में 78 करोड की लागत से नीमच-मनासा मार्ग का निर्माण हो या नीमच सिंगोली मार्ग के उन्नयन रेलवे के दोहरीकरण ने क्षेत्र को महानगरों से जोड दिया है। लगभग 10 करोड रूपए की लागत से महामाया भादवा माता कॉरिडोर का निर्माण, स्वास्थ्य के क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज और नर्सिंग कॉलेज, केंन्द्रिय विघालय, पीएमश्री स्कुल, सीएम राइज स्कुल की सौगात से आज संसदीय क्षेत्र में शिक्षा का अलख जगेगा। स्वच्छ भारत मिशन के तहत शौचालयों एवं सामुदायिक शौचालयों का निर्माण हुआ है। वहीं सिंचाई परियोजनाओं से हर किसानों के खेतों तक पानी पहुंचने से किसानों की आय दुगुनी होगी। एक बार फिर मोदी सरकार बनाने क्षेत्र के विकास की गति आगे बढाने भाजपा को वोट देकर विजयश्री दिलावे। इस दौरान कार्यक्रम प्रभारी वीरेंद्र पाटीदार, मंडल अध्यक्ष गोपाल गुर्जर, पुर्व मंडल अध्यक्ष राकेश जैन, रामपुरा नगर परिषद अध्यक्ष जीतू जागीरदार, सत्यनारायण मंडवारिया, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कन्हैयालाल रावत, पिछड़ा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष हीरालाल धनगर, सेक्टर प्रभारी किशोर धनगर, चंदन देवड़ा सहित कार्यकर्तागण आम नागरिकगण उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने चंद्रपुरा गुदरी मंडलम में जन संपर्क किया



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** जीवन दायनी शिवना मैया को प्रदूषण से मुक्ति के लिए एवं पशुपतिनाथ मंदिर क्षेत्र के समग्र विकास के लिए कांग्रेस को वोट करें। शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर द्वारा सोमवार को चंद्रपुरा गुदरी मंडलम क्षेत्र के वार्ड 26,27,28 में कांग्रेस उम्मीदवार श्री दिलीप सिंह जी गुर्जर के समर्थन में शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मन्दसौर अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर के नेतृत्व में मंडलम से:टर अध्यक्ष गण, पार्षद गण एवं कांग्रेसजनों के साथ घर घर संपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान कांग्रेस का न्याय की गारंटी वाला कार्ड वितरित कर बताया गया कि केन्द्र में कांग्रेस की सरकार बनने पर नारी, किसान, श्रमिकों एवं युवाओं को न्याय मिलेगा। न्याय की गारंटी मिलेगी। हर भारतीय व्यक्ति का स्वास्थ्य पर अपनी अतिरिक्त आमदनी खर्च हो जाती है जिससे इस आर्थिक बोझ को कम करते हुए हर भारतवासी का 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा किया जाएगा श्र वही देश में करोड़ों मजदूर काम करते हैं पर दैनिक मजदूरी में असमानता को खत्म करते हुए 400 रुपए प्रतिदिन मजदूर को मिले इसके लिए कानून लागू किया जाएगा। प्रत्येक गरीब महिला को सालाना एक लाख रुपए सम्मान निधि मिलेगी। बेरोजगार युवाओं को स्टाय फंड के रूप में 8500 रुपए महीना दिया जाएगा। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं विधायक श्री विपिन जैन ने क्षेत्र के मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में मतदान को अपील की।

**आज नई आबादी मंडलम के वार्ड नंबर 3 गीताभवन से होगा घर घर जनसंपर्क**–शहर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ राघवेंद्रसिंह तोमर, शहर कांग्रेस प्रभारी मोहम्मद हनीफ शेख, मंडलम अध्यक्ष अजय मारू, मंडलम प्रभारी राजेन्द्र छाजेड, सेक्टर अध्यक्ष राजेश फरक्या, वार्ड 3 पार्षद प्रत्याशी अनीता भदौरिया ने बताया कि 7 मई मंगलवार को नई आबादी मंडलम के वार्ड नंबर 3 में शाम 6 बजे से घर घर जनसंपर्क किया जाएगा। सभी कांग्रेसजन गीता भवन मन्दसौर पर समय पर पधारें।

# मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत तीन दिवसीय खेलों का आयोजन हुआ

## क्रिकेट, शतरंज, बैडमिंटन एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता हुआ आयोजन



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित गई। इसी क्रम में तीन दिवसीय प्रशासन, पुलिस एवं पत्रकार के बीच मैत्री क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ। जिसमें 3 मई के दिन पुलिस एवं पत्रकार, प्रशासन ए एवं प्रशासन बी के बीच मैच का आयोजन हुआ। जिसमें पुलिस एवं प्रशासन ए के विजेता हुई। 4 मई 2024 के दिन प्रशासन एवं पत्रकार के बीच एवं द्वितीय मैच पुलिस एवं प्रशासन के बीच आयोजित हुआ जिसमें पत्रकार एवं पुलिस टीम विजेता रही है। 5 मई 2024 के दिन प्रशासन एवं पत्रकार के बीच मैच का आयोजन हुआ जिसमें प्रशासन की टीम विजेता रही है। इस दौरान कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा भी मैच खेला गया। इस अवसर पर स्वीप नोडल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री कुमार सत्यम, वन मंडल अधिकारी श्री चौहान, एडिशनल एसपी श्री गौतम सोलंकी, जिला खेल अधिकारी श्री देवड़ा, अधिकारी, कर्मचारी, पुलिस एवं पत्रकार उपस्थित थे।

5 मई के दिन शतरंज प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में श्री दिनेश चमपेवार एवं विकास मीणा विजेता एवं महिला वर्ग में पदमा गौंड एवं भावना सेंगर विजेता रही। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में अनूप पोरवाल विजेता एवं उपविजेता हर्षित धाकड़ है। बैडमिंटन प्रतियोगिता में 18 प्लस में कमलेश दिव्यांश और सुयश विजेता रहे। 30 प्लस में अमलेश, मुजीब एवं अभिषेक विजेता रहे। मिक्स डबल्स में सौम्या एवं हितेश, अंतिमा और मुजीब विजेता रहे। एकल बैडमिंटन में हितेश एवं प्रांजल विजेता रहे। शासकीय कर्मचारियों में मोहित, ऋषि, रुपेश और सौरभ विजेता रहे है। समस्त प्रतियोगिता आयोजन में स्टेडियम कमेटी, जिला क्रिकेट एसोसिएशन, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन, जिला टेबल टेनिस एसोसिएशन एवं जिला चेस एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित की गई।

# पत्रकारों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन में मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लिए नीमच जिले के पत्रकारों ने कलेक्टोनरेट नीमच के गार्ड रूम में स्थापित पोस्टल वोटिंग सेंटर पर अपने मत का प्रयोग पोटल बैलेट से किया। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान दिवस के कवरेज में शामिल प्राधिकृत पत्रकार को पोस्टल बैलेट से वोट डालने की सुविधा प्रदान की है। आयोग ने पत्रकारों के काम को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में स्थान देकर यह सुविधा प्रदान की है। पोस्टल बैलेट से मतदान करने के लिए फॉर्म 12-डी भरकर जमा करना रहता है। जिन पत्रकारों ने फार्म 12-डी भरकर जमा किया था, वो ही पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकते है। यह सुविधा अन्य पत्रकारों को नहीं मिलती है। गौरतलब है, कि भारत निर्वाचन आयोग ने लोक स्वास्थ्य, गृह (अग्निशमन सेवाएं), ऊर्जा विभाग के अमले सहित निर्वाचन काम में मतदान दिवस के कवरेज में जुडे भारत निर्वाचन आयोग की तरफ से जारी प्राधिकार पत्रधारी पत्रकारों को अत्यावश्यक सेवा श्रेणी में अधिसूचित किया है।

# सीए मंदसौर प्रीमियर लीग में मंदसौर ने नीमच को 108 रनों से पराजित किया



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** क्रिकेट का मैच चाहे जिन भी टीमों के बीच हो, जीत हमेशा क्रिकेट की ही होना चाहिये। खेल भावना से खेले गये हरेक मैच में अंतत: उस खेल की ही जीत होती है और यही खेल प्रतिस्पर्धाओं को आयोजित किये जाने का मूल मकसद है। दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउण्टेन्टस ऑफ इंडिया की मन्दसौर डिस्ट्रिक्ट ब्रांच बधाई की पात्र है कि उन्होंने अपने अथक प्रयासों से मन्दसौर व नीमच शहर के चार्टर्ड अकाउण्टेन्टस को खेल मैदान पर एकत्रित कर पाने में सफलता हासिल की। उक्त विचार मन्दसौर के आयकर अधिकारी श्री संजीव कुमार ने दि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंटस ऑफ इंडिया की मन्दसौर डिस्ट्रिक्ट ब्रांच द्वारा आयोजित सीए मन्दसौर प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता में मन्दसौर व नीमच के मैच के दौरान संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर नीमच के आयकर अधिकारी श्री अशोक कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन एक ओर जहाँ आपसी रिश्तों को मजबूत करता है वहीं ऐसी प्रतिस्पर्धाएँ शारीरिक दक्षता बढ़ाने में भी सहायक सिद्ध होती है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएसटी विभाग के असिस्टेंट कमिश्नर श्री रौनक दुबे ने कहा कि इस प्रकार की प्रतिस्पर्धाएँ प्रोफेशनल्स में एक नयी उर्जा का संचार करती है। इस प्रकार के आयोजन निरंतर होते रहने चाहिये। इंस्टीट्यूट की सेन्ट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के उपाध्यक्ष उज्जैन से पधारे सीए शरद जैन ने अपने संबोधन में कहा कि अब तक चार्टर्ड अकाण्टेन्ट एसोसिएशन मानसिक दक्षता बढ़ाने वाले शैक्षणिक कार्यक्रम का ही आयोजन करती आ रही थी। अब मन्दसौर ब्रांच ने अन्य ब्रांच को आमंत्रित कर शारीरिक दक्षता बढ़ाने वाली प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन कर एक नयी शुरूआत की है, जो अत्यन्त सराहनीय है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेन्ट्रल इंडिया रीजनल कौंसिल के सदस्य किशनगढ़ राजस्थान से पधारे सीए अंकित सोमानी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन पूरे रीजन में आयोजित किये जायें, इसके लिये प्रयास किया जायेगा। मन्दसौर ब्रांच के अध्यक्ष सीए दिनेश जैन ने आयोजन की सफलता के लिये मन्दसौर ब्रांच के सभी सदस्यों के प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष योगदान की सराहना करते हुए कहा कि पूरी टीम भावना व सकारात्मक विचारधारा से ही यह आयोजन संभव हो सका है और इसके लिये ब्रांच का प्रत्येक सदस्य धन्यवाद का पात्र है। टॉस हारने के बाद पहले बल्लेबाजी करते हुए कप्तान सीए विशाल मोगरा के नेतृत्व में मन्दसौर इलेवन के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 15 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 186 रनों का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। शानदार बल्लेबाजी करते हुए सीए अमन नाहर ने सिर्फ 32 गेंदों पर 4 चौके व 8 छक्कों की मदद से 78 रन बनाकर एक प्रकार से मन्दसौर टीम की जीत सुनिश्चित कर दी थी। सीए हरीश पाटीदार की कप्तानी में उतरी नीमच रायल की टीम मन्दसौर के विशाल स्कोर के सामने प्रारंभ से ही दबाव में बनी रही और 15 ओवर के अंत तक 8 विकेट के नुकसान पर मात्र 78 रन का स्कोर ही बना सकी। इस प्रकार मन्दसौर इलेवन 108 रनों से विजयी घोषित की गयी। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मन्दसौर टीम के सीए अमन नाहर को व सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार नीमच टीम के सीए अमित लसोड़ को दिया गया। सभी खिलाड़ियों को उपाध्यक्ष सीए राजेश मंडवारिया, सचिव सीए विकास भंडारी, कोषाध्यक्ष सीए नयन जैन, पूर्व अध्यक्ष सीए विरेन्द्र जैन, सीए अर्पित नागदा, सीए अंकित नागर, सीए भानुप्रताप नीमे, सीए आशीष जैन, सीए विनय अग्रवाल, सीए योगेन्द्र जैन, सीए सैफुद्दीन लोखंडवाला, सीए अंकित श्रीमाल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम का संचालन सीए राजेश मंडवारिया व सीए अंकित नागर द्वारा किया गया।

# जिला न्यायालय परिसर में रक्तदान शिविर सम्पन्न



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा प्रसारित दिशानिर्देशों के अनुपालन तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्रीमती रेणुका कंचन के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से जिला न्यायालय परिसर, मंदसौर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा फीता काटकर रक्तदान शिविर का विधिवत शुभारंभ किया गया। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती रेणुका कंचन ने व्यक्त किया कि रक्तदान किये जाने के संबंध में आमजन में कई भ्रांतिया व्याप्त है, जबकि रक्तदान करना रक्तदाता एवं समाज दोनो के लिये उपयोगी है। उनके द्वारा रक्तदान के लाभ को बताते हुये, आमजन से अपील की कि वे इस स्वेच्छीक पुनीत कार्य में सहभागी बने। उक्त शिविर में मुख्यालय पर पदस्थ न्यायाधीशगण ने रक्तदान किया गया। साथ ही अधिवक्तागण, न्यायालय कर्मचारीगण, पैरालीगल वालेन्टियर्स एवं अन्य द्वारा भी स्वेच्छिक रूप से रक्तदान किया गया। प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा रक्तदान करने वालों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये।

# नोटा




**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** हरमन वोट देने के दिन का बड़े उत्साह से इंतजार कर रहा था। उसे वोट देने में बड़ा मज़ा आता था। उसका ये मानना था कि वो जिसको वोट देता है वो जीतता ही है, उत्साह से वह मतदान केंद्र पर गया मत दान करने वालों की लाइन में लग गया। मतदान अधिकारी क्रमांक एक को अपनी पहचान बता दो के पास गया उसने हरमन की बायें हाथ की तर्जनी उंगली पर अमिट स्याही का निशान लगा मतदान रजिस्टर में हस्ताक्षर ले मतदान पर्ची दी। हरदमन का उत्साह द्विगुणित हो गया। वह क्रमांक तीन के पास गया तीन ने पर्ची ली और उसे वोटिंग कंपार्टमेंट में जाकर ई वी एम से वोट डालने का कहा। वह वोटिंग मशीन के स्थान पर जाकर खड़ा हो गया। उसने देखा मतदान अधिकारी क्रमांक तीन कागज पर लिखी संख्या देख रहा है तब तक उसने सोचा नोटा का बटन दबाकर देख लेता हूं दबता है कि नहीं या यूं ही झूठ मूठ है। उसने नोटा का बटन दबा दिया वह दब गया। उसके बाद उसने अपने इच्छित दल के अभ्यर्थी को वोट देने के लिए उंगली बढ़ाई ही थी कि उधर कंट्रोल यूनिट से लंबी (बीप) सीटी की आवाज सुनाई दी और वी वी पेट में वोट रसीद दिखाई देकर टक से उसके गिरने की आवाज आई। मतदान अधिकारी ने उसे वोट हो गया कर जाने का इशारा किया। हरमन उसका मुंह ताकता निराश हो यह सोचता हुआ भारी कदमों से मतदान कक्ष से बाहर निकला कि काश नोटा को चेक न करता, अगर ये नोटा का खांचा नहीं होता तो आज मेरा वोट बेकार नहीं जाता। नोटा का बटन चेक करना उसके लिए महंगा साबित हुआ। इस वर्ष किसी को वोट देकर जिताने के उसके अरमान धरे रह गये। घर जाते समय रास्ते में दीनू से उसने कहा, 'ए दीनु जिसको वोट देना हो उसका ही बटन दबाना।'



**भगवती प्रसाद गेहलोत, पिपलियामंडी**

# जिले में आज सभी मतदान केन्द्रों पर चले बूथ की ओर कलश यात्राओं का आयोजन

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश के निर्देश पर 7 मई 2024 को चले बुथ की ओर कार्यक्रम के अंतर्गत नीमच जिले में आज 7 मई को प्रात: 8:00 बजे से 11:00 तक समस्त मतदान केदो पर कलश यात्राओं का आयोजन रखा गया है। सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत और मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रत्येक मतदान केंद्र पर कलश यात्रा के आयोजन में 'चले बुथ की ओर - कलश यात्रा' का बैनर भी लगवाना सुनिश्चित करें। जिला पंचायत सीईओ श्री गुरु प्रसाद ने सभी जनपद सीईओ नगरीय निकायों के सीएमओ को सभी मतदान केदो पर चल बूथ की ओर कलश यात्राओं का सफल आयोजन सुनिश्चित करवाने और आधिकारिक मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

# नपा द्वारा की जा रही है बड़े नालो की सफाई

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** वर्षा ऋतु में नगर के निचले क्षैत्रो में जलभराव को रोकने के लिये प्रयास अभी से प्रारंभ कर दिये गये है। सीएमओ श्री सुधीर कुमार सिंह के निर्देश पर नगर के बडे नालो की विशेष सफाई की जा रही है और उसमें जमा गाद एवं कचरा हटाया जा रहा है ताकि वर्षा ऋतु में नालो के जाम होने से जलभराव की स्थिति निर्मित नही हो। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री हेमचंद्र शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष नगर पालिका बडे नालो की सफाई का कार्य प्रोक्लेन व जेसीबी मशीन के द्वारा कराती है ताकि बडे नालो में जमा गाद व कचरे को हटाया जा सके। नगर पालिका के द्वारा शनि मंदिर के पास बडे नालो मदारापुरा नालो आदि कई क्षैत्रो के नालो की गाद व कचरा हटाकर उसे यहा से अन्य स्थान पर भिजवाया जा रहा है। नगर पालिका का यह कार्य आगामी समय में भी जारी रहेगा ताकि बडे नालो की यहां सफाई की जरूरत है उसे पुरी की जा सके।



# मतदान जागरूकता के लिए समाचार पत्र विक्रेता संघ ने सहभागिता की



**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जनपरिषद के साथ समाचार पत्र विक्रेता संघ ने नेहरू बस स्टैंड पर अखबार वितरण सेंटर पर प्रात: काल मतदाताओं की जागरूकता के लिए अपील की ओर मतदाताओं के अधिकार का उपयोग करने का अनुरोध किया। अखबार वितरण संघ के विजय बहादुर सिंह, देवेंद्र गुप्ता, गौरव सोनी, अशोक जैन श्याम सेठिया दीपचंद जैन मुकेश जैन संजय राठौड़, महावीर जैन, राहुल पोरवाल, बबलू माली, राजेश पोरवाल, ऋषभ बटवाल सहित अन्य वैंडर्स उपस्थित रहे। सबने सुबह सुबह मतदान की अपील करते हुए वातावरण गुंजा दिया। जोश के साथ जमकर नारे लगाये। जनपरिषद अध्यक्ष डॉ घनश्याम बटवाल एवं सचिव श्री नरेंद्र त्रिवेदी ने अख़बार विक्रेताओं एवं वैंडर्स के प्रति धन्यवाद ओर आभार जताया ओर कहा कि आपकी अपील ओर मतदाताओं से अनुरोध का निश्चित ही प्रभाव होगा और मंदसौर संसदीय क्षेत्र में बढ़ चढ़कर 13 मई को मतदान होगा।

# कलेक्टर ने तीस व्यक्तियों को संबंधित थाने में उपस्थिति देने का किया आदेश जारी

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 03(1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीस व्यक्तियों कन्हैयाला उर्फ कान्हा पिता भगवानजी जटिया निवासी झिरकन, जारफ पिता रफीक डन्डु निवासी बोतलगंज, शहनवाज पिता जाफर मुसलमान निवासी तारवाली मजिस्?द के पास पुराना बस स्टैण्ड भानपुरा, नीरज पिता बालाराम सेठिया निवासी मेलखेड़ा, शेरु पिता फारूख झुपडी निवासी मुल्तानपुरा, किशोर पिता मोहनलाल निवासी लसुडिया कदमाला, महेन्द्रसिंह उर्फ मनोज पिता मोतीसिंह निवासी चंदवासा का डेरा, दीपक पिता नाथुलाल ग्वाला निवासी बालागंज मंदसौर, मेहरबानसिंह पिता करणसिंह निवासी सपानिया, फारूख उर्फ नड्डा पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा, अरबाज पिता हुसैन खां मेवाती निवासी चुन्ना भट्टा दलौदा, दीपक पिता श्यामलाल बागरी निवासी मेलखेडा, उस्मान गनी पिता मोहम्मद सलीम भिस्ती मुलसमान निवासी अशोक नगर खानपुरा मंदसौर, लाला उर्फ लालचंद पिता मांगीलाल गुर्जर निवासी पालड़ी, रूस्तम पिता हमीद खां मंसूरी मुसलमान निवासी क्यामपुर, शांतिलाल पिता कारूलाल गुर्जर निवासी मुण्डला, अन्नु उर्फ अनवर पिता कालुखां मुसलमान निवासी भानपुरा, आरिफ पिता शकुर सोडा निवासी मुल्तानपुरा, गुमानसिंह पिता रामसिंह गुर्जर निवासी भगोरी, संजु उर्फ संजय पिता बापुलाल बागरी निवासी कचनारा, दिलीप पिता जरेसिंह राजपूत निवासी सेदरामाता, जसवन्तसिंह पिता नवलसिंह सौ. राजपूत निवासी बांसखेड़ी, सलीम उर्फ डामा पिता वजीर मोहम्मद मुसलमान निवासी नाहरगढ़, इरफान उर्फ अरफान पिता रशीद घोंचा निवासी मुल्तानपुरा, दीपक पिता रमेश सिकलीगर निवासी अरगडा बस्ती सीतामऊ, प्रदीप उर्फ प्रवीण उर्फ बांगडू पिता राजु राठौर निवासी इन्द्रा कालोनी मंदसौर, लालदास पिता देवीदास बैरागी निवासी जवासिया, अर्जुन पिता ग्यारसीलाल मीणा निवासी लसुडियाईला, जुल्फीकार उर्फ बड्डा पिता एहमद मथारिया निवासी मुल्तानपुरा एवं गणेश पिता भंवरलाल बावरी निवासी रूपी को कलेक्टर श्री यादव ने आदेशित किया है, कि ये तीन माह तक प्रति माह की 1 एवं 16 तारीख को संबंधित पुलिस थाना में उपस्थिति देकर यह सुनिश्चित कराये की वह किसी भी प्रकार की आपराधिक गतिविधियों में संलग्न नहीं है।

कार्यालय :- **नवीन कुमार निमावत**, एडवोकेट

जवाहर मार्ग, जावद, जिला-नीमच (म.प्र.) मो.नं. 9425033929, 9806883929

**** जाहिर सूचना ****

बनाम :- सर्व साधारण

इस जाहिर सूचना के द्वारा सर्व साधारण एवं संबंधित पक्षकारान को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी ने श्री गोपालकृष्ण पिता ओंकारप्रसाद जी जाति ब्राम्हण, निवासी ग्राम जावद, तहसील जावद, जिला नीमच (म.प्र.) के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि प.ह.नं. 15, ग्राम नयागांव, तहसील जावद, में स्थित कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 911 रकबा 1.4740 हैं. में से हिस्सा रकबा 0.1637 हैं. भूमि जिसकी चतुरसीमा उत्तर में सर्वे क्रमांक 911 की शेष भूमि, दक्षिण में सर्वे क्रमांक 911 की शेष भूमि, पूर्व में सर्वे क्रमांक 911 की शेष भूमि, पश्चिम् में अल्ट्राटेक सीमेन्ट की भूमि स्थित हैं की भूमि को मेरे पक्षकार ने खाते-खसरो में वर्णित भूमिस्वामी से क्रय करने का मौखिक अनुबंध किया है। मौखिक अनुबंध अनुसार मेरा व्यवहारी उक्त क्रय की जा रही सम्पत्ति के विक्रय धन का प्रतिफल विक्रेता को अदा कर विक्रय पत्र का पंजीयन करायेगा। उक्त सम्पत्ति पर किसी भी व्यक्ति या संस्था का किसी भी प्रकार का कोई रहन, बय, दान, कब्जा व ऋण भार नहीं होने संबंधी विक्रेता द्वारा बताया गया हैं। उक्त सम्पत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे व्यवहारी के पक्ष में विक्रय धन राशि मेरे व्यवहारी द्वारा विक्रेता को अदा कर उप पंजीयक कार्यालय जावद में विक्रय पत्र का पंजीयन करवाया जायेगा जिस किसी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज साक्ष्य के सात दिवस में कार्यालयीन समय में मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। पंजीयन के बाद किसी भी प्रकार की आपत्ति पेश की जाती है तो मेरे व्यवहारी के मुकाबले व्यर्थ एवं प्रभावशून्य होगी जो सभी पक्षो पर बंधनकारी होगी।

दिनांक-07.05.2024

भवदीय

नवीन कुमार निमावत, एडवोकेट, जावद

# मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 20 | 2109 | 2248 |
| उडद | 1 | 5500 | 5500 |
| सोयाबीन | 4000 | 4012 | 4771 |
| गैहु | 12500 | 2280 | 3120 |
| चना | 756 | 45000 | 5993 |
| मसुर | 279 | 4500 | 5942 |
| धनिया | 239 | 5011 | 6791 |
| लहसुन | 18000 | 5500 | 25000 |
| मैथी | 1303 | 4351 | 5511 |
| अलसी | 2150 | 5221 | 5581 |
| सरसो | 500 | 4615 | 4925 |
| तारामीरा | 0000 | 00000 | 00000 |
| इसबगोल | 130 | 10700 | 15000 |
| प्याज | 1556 | 380 | 1705 |
| कलोंजी | 68 | 13100 | 20401 |
| डॉलर | 34 | 5500 | 9100 |
| तिल्ली | 1 | 10950 | 10950 |
| मटरसुखी | 2 | 2150 | 4901 |
| असालीया | 64 | 8511 | 9321 |

### निर्वाचन कार्य में उदासीनता बरतने पर कलेक्टर द्वारा...

## तीन अधिकारियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिनेश जैन व्दारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य के सुचारू संपादन एवं निर्वाचन गतिविधियो के निर्वहन में उदासीनता बरतने और वरिष्ठ के आदेशों की अवहेलना करने पर सहायक वाणिज्यिक कर अधिकारी वाणिज्यकर वृत्त नीमच श्री जानकीलाल चरपोटा, श्री अंकित राय एवं श्री जयमलसिह बघेल को कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है, कि क्यों न उनके विरूद्ध सेवा आचरण अधिनियम 1969 की धारा-3 क के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए। इस संबंध में श्री जानकीलाल, श्री अंकित राय एवं श्री जयमलसिह बघेल को अपना स्पष्टीकरण कारण बताओ सूचना-पत्र की प्राप्ति से 03 दिवस में समक्ष उपस्थित होकर, प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। अनुपस्थिति अथवा स्पष्टीकरण प्रस्तुत न करने की दशा में उनके विरूद्ध एक पक्षीय योग्य वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। उल्लैखनीय है, कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत निर्वाचन कार्य के सुचारू रूप से संपादन एवं निर्वाचन गतिविधियों के त्वरित संचालन हेतु आदेश दिनांक 4 मई 2024 व्दारा रिर्जव सेक्टर अधिकारी के रूप में इन तीनों को नियुक्त किया गया था। जिला पंचायत सभाकक्ष नीमच में 4 मई को आयोजित सेक्टर अधिकारियों के प्रशिक्षण में सूचना दिये जाने के उपरांत भी ये प्रशिक्षण हेतु नियत दिनांक पर प्रशिक्षण स्थाल पर अनुपस्थित रहे। इस पर यह कारण बताओं सूचना पत्र जारी किया गया है।

### कार ने मारी कार को टक्कर

**पिपलियामंडी, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** कार ने कार को टक्कर मार दी, पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। बरबड़ (रतलाम) निवासी जितेन्द्र पिता किशनलाल मालवीय ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि मैं साथियों के साथ अपनी कार (जीजे 27 ईसी 0488) से सांवलिया जा रहा था। इस दौरान महू-नीमच मार्ग मल्हारगढ़ जगदंबा पेट्रोल पंप के सामने पीछे से आ रही कार (आरजे 09 सीबी 6844) के ड्राइवर ने तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टक्कर मार दी। जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया।

### भाई ने भाई को पीटा


**पिपलियामंडी, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** भाई ने भाई को पीटा, पुलिस ने केस दर्ज किया। मल्हारगढ़ निवासी शाहरुख पिता शरीफ मेवाती ने मल्हारगढ़ थाने पर शिकयत दर्ज कराई कि भाई मोईन ने शराब पीने के लिए 500 रुपए मांगे, मना किया तो गाली-गलोज कर मारपीट की। मेरी भतीजी सानिया से भी गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने आरोपी मोईन के खिलाफ केस दर्ज किया।

### कोर्ट के आदेश पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** कोर्ट के आदेश पर आरोपी के खिलाफ अमानत में खयानत का केस दर्ज दर्ज हुआ। नारायणगढ़ न्यायाधीश सौरभकुमारसिंह की रिपोर्ट पर मल्हारगढ़ पुलिस ने बरखेड़ा देव निवासी भेरुलाल पिता कारुलाल राठौर के खिलाफ धारा 406 में केस दर्ज किया। आरोपी को माल पेश करने का नोटिस दिया था, लेकिन आरोपी पेश नही हुआ।

# लोकसभा चुनाव : तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान आज

### अमित शाह, शिवराज सिंह समेत कई बड़े नेताओं के भाग्य का फैसला



**नई दिल्ली, 6 मई।** सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के तीसरे चरण के लिए मंगलवार को मतदान होगा। 10 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के 94 लोकसभा क्षेत्रों के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वे अमित शाह, शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया और डिंपल यादव समेत कई बड़े नेताओं के राजनीतिक भाग्य का फैसला करेंगे।

तीसरे चरण में जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग-राजौरी लोकसभा सीटों पर भी मतदान होना था। हालांकि, कई कनेक्टिविटी संबंधी समस्याओं के चलते चुनाव आयोग ने इसे 25 मई को कराने का फैसला किया है।

**लोकसभा चुनाव फेज 3 के प्रमुख उम्मीदवार**–अमित शाह (भाजपा)- गांधी नगर, गुजरात, दिग्विजय सिंह (कांग्रेस)- राजगढ़, मध्य प्रदेश, शिवराज सिंह चौहान (भाजपा)- विदिशा, मध्य प्रदेश, ज्योतिरादित्य सिंधिया (भाजपा) - गुना, मध्य प्रदेश, डिम्पल यादव (सपा)- मैनपुरी, उत्तर प्रदेश, अधीर रंजन चौधरी (कांग्रेस) - बेरहामपुर, पश्चिम बंगाल, सुप्रिया सुले (एनसीपी)- बारामती, महाराष्ट्र, पुरषोत्तम रूपाला (भाजपा)- राजकोट, गुजरात, प्रल्हाद जोशी (भाजपा) - धारवाड़, कर्नाटक, केएस ईश्वरप्पा (भाजपा) - शिमोगा, कर्नाटक, प्रणीति शिंदे (कांग्रेस) - सोलापुर, महाराष्ट्र, हसमुखभाई पटेल (भाजपा) - अहमदाबाद पूर्व, गुजरात, पल्लवी डेम्पो (भाजपा) - दक्षिण गोवा, गोवा

**4 जून को आएगा लोकसभा चुनाव 2024 का रिजल्ट**–बता दें कि सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मतदान की शुरुआत 19 अप्रैल को हुई थी। 1 जून को सातवें और आखिरी चरण का मतदान होगा। 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी और उसी दिन रिजल्ट आएंगे। 13 मई को चौथे चरण, 20 मई को पांचवें चरण और 25 मई को छठे चरण का मतदान होगा।



## मतदान कराने में मतदान कर्मियों की महत्पूर्ण भूमिका-कलेक्टर

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर संसदीय क्षेत्र के लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों का तृतीय प्रशिक्षण जिले में लगातार चल रहा है। यह प्रशिक्षण जिले के शासकीय महाविद्यालय एवं कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में दो चरणों में आयोजित किया जा रहा है जिसमे प्रतिदिन अलग अलग विकासखंड के मतदान केंद्र में नियुक्त किए गए पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दलकर्मी उपस्थित होकर मास्टर ट्रेनर के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकरी श्री दिलीप कुमार यादव द्वारा कहा गया कि मतदान कराने मे मतदान कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। गंभीरता से प्रशिक्षण लेते हुए अपने सभी संदेहों का निवारण कर लेवे। मतदान केन्द्र पर पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी सबसे अहम हैं। वह मतदान केन्द्र का प्रभारी होगा। किसी भी विषम परिस्थिति में कार्यवाही पर उसको निर्णय लेना होगा। पीठासीन अधिकारी केन्द्र प्रभारी होने के अलावा निर्वाचन संचालन दल का मुखिया भी होगा। वह मतदान केन्द्र की सुरक्षा का प्रबंधन एवं गोपनियता का विषेश ध्यान रखें। वह मतदान सामग्री प्राप्त करने से लेकर सामग्री जमा करने के लिए उत्तरदायी होगा। सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया के त्रुटिरहित संचालन स्वतंत्र-निष्पक्ष मतदान के लिए पीठासीन अधिकारी की जिम्मेदारी रहेगी। कोई भी कार्य जल्दबाजी में ना करें। कार्य को अच्छे से सोच समझकर करे। ड्यूटी के दौरान अधिक चिंता ना रखें, बल्कि अच्छे से ड्यूटी करें। मतदान केंद्र में इस बात का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाए। मतदान केंद्र के अंदर किसी को भी मोबाइल ले जाने की अनुमति प्रदान न करें। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया कि पीठासीन अधिकारी पुस्तिका का भलीभांति अध्ययन कर लें। एवं उसे मतदान अधिकारी प्रथम को अध्ययन के लिए देवे, मतदान अधिकारी 1 ,पीठासीन अधिकारी की अनुपस्थिति में उसके सभी कार्य उत्तरदायी का निर्वहन करेगा। उन्होंने बताया की मतदान कराने से पूर्व मॉक पोल कराना अनिवार्य है। पार्टी प्रत्याशी एजेंटों के सामने मॉक पोल मतदान करवायें। मास्टर ट्रेनर द्वारा बताया गया की किसी विशेष परिस्थितियां आने पर उनका समाधान किस प्रकार किया जा सकता है इस बारे में महत्वपूर्ण नियमो एवं दिशा निर्देशों से सभी मतदान दल कर्मियो को बताया गया। इसके साथ ही मास्टर ट्रेनरों ने मतदान हेतु सामग्री प्राप्त करने एवं उसके मिलान करने एवं ईवीएम, व्ही.व्ही.पैट मशीन, वेलिट यूनिट, कन्ट्रोल यूनिट की कार्यप्रणाली एवं इनके संयोजन के बारे में विस्?तार से समझाया गया। प्रशिक्षण में मतदान से पूर्व बूथ पर की जाने वाली कार्रवाई, मतदान शुरू करने, मतदान समाप्ति सहित सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी श्र मास्टर ट्रेनर ने प्रशिक्षण के दौरान मतदान दल कर्मियों में मन मे उत्पन्न प्रश्नों एवं शंकाओं का समाधान भी किया।

### विश्वविद्यालय की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपनी अनुत्तीर्ण की अंकसूची में...

## कूटरचना कर अंको में फेरबदल करने वाले आरोपी को कारावास

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** श्रीमती पुष्पा तिलगांम, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, नीमच ने विश्व विद्यालय की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अपनी अनुत्तीर्ण की अंकसूची में कूटरचना कर अंको में फेरबदल करने वाले आरोपी कन्हैयालाल पिता देवीलाल धाकड़, निवासी-ग्राम उमर, रतनगढ़, जिला नीमच को धारा 420, 467, 471/472 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास व 3000-3000रू. अर्थदण्ड एवं धारा 120बी भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड से इस प्रकार कुल 10000रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया।

प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी करने वाले एडीपीओं श्री पारस मित्तल द्वारा घटना की जानकारी देते हुए बताया कि विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन की वर्ष 1997 की मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने के संबंध में अभियुक्त ने उनके विश्वविद्यालय की अंकसूची में अंको में वृद्धि कर आगामी परीक्षा (कक्षा) में सम्मिलित होने हेतु संबंधित महाविद्यालय के माध्यम से आवेदन पत्र अंकसूची की फोटो प्रति संलग्न कर प्रस्तुत किये। आवेदनपत्रों के साथ संलग्न अंकसूचियों को जब विश्वविद्यालय के रिकार्ड से मिलान किया गया तो पाया गया कि परीक्षार्थी की अंकसूची में अंको में वृद्धि करने के फलस्वरूप परीक्षा आवेदनपत्र निरस्त किये गये। इस प्रकार आरोपी ने गलत अंकसूची के आधार पर विश्वविद्यालय की परीक्षा में सम्मिलित होने का प्रयास किया। उक्त घटना का लिखित शिकायत आवेदन पत्र विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन के कुल सचिव ने तत्कालीन थाना प्रभारी, नीमच जिला मंदसौर को दिया जिसके आधार पर थाना नीमच के अपराध क्रं. 378/1997 पर प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध कर अपराध पंजीबद्ध किया गया, जिसके पश्चात् साक्षियों के कथन लेखबद्ध किये गये। प्रकरण में कुल 27 आरोपी थे, जिनमें से 01 आरोपी की मृत्यु हो चुकी थी और अन्य 26 आरोपी में से 24 आरोपी के विरूद्ध पूर्व में विचारण होकर निर्णय पारित किया गया था, आरोपी कन्हैयालाल फरार था, जिसका विचारण किया जाकर न्यायालय ने यह पाया कि आरोपी ने आपराधिक उद्देश्य से मूल अंकसूची के अंको में अवैध साधनों सदोष लाभ प्राप्ति हेतु सारवान रूप से परिवर्तन कर आपराधिक षडयंत्र किया तथा जानबुझकर बेईमानीपूर्वक आशय से यह जानते हुए की अंकसूची के अंको में परिवर्तन कर उक्त अंकसूची को असल के रूप में प्रयोग कर प्रवंचना कर छल किया तथा अंक सूची के अंको में विक्रम विश्व विद्यालय की वर्ष 1997 की मुख्य परीक्षा में शमिल होने के लिए अंकों में परिवर्तन कर वृद्धि कर कूटरचना की तथा यह जानते हुए कि अभियुक्त के द्वारा प्रस्तुत अंकसूची के अंको में परिवर्तन अथवा वृद्धि की गई हैं असत्य एवं फर्जी अंकसूची को असल के रूप में मूल्यवान संपत्ति में रूप में सदोष लाभ प्राप्ति हेतु उपयोग किया, जिसका विश्व विद्यालय के रिकॉर्ड से मिलान किया गया तो पाया की परीक्षार्थी की अंकसूची में अंको की वृद्धि हैं व उसे उत्तीर्ण दर्शाया गया हैं। अभियोजन की ओर से न्यायालय में आवश्यक साक्ष्य एवं दस्तावेज प्रस्तुत कर अपराध को प्रमाणित कराते हुवे आरोपी को कठोर दण्ड से दण्डित किये जाने का निवेदन किया गया, जिस पर से माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को धारा 420, 467, 471/472 भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 03-03 वर्ष के सश्रम कारावास व 3000-3000रू. अर्थदण्ड एवं धारा 120बी भारतीय दण्ड संहिता, 1860 के अंतर्गत 02 वर्ष के सश्रम कारावास व 1000रू. अर्थदण्ड से इस प्रकार कुल 10000रू. के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी श्री पारस मित्तल, एडीपीओ द्वारा की गई।


## मारपीट करने वाले आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माने से दंडित

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** न्यायालय श्रीमान श्वेतासिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, मंदसौर द्वारा आरोपी राधेश्याम पिता तुलसीराम सासरी, उम्र 41 वर्ष निवासी ग्राम-नंदावता, तहसील-दलौदा, जिला मंदसौर को 01 वर्ष के कठोर कारावास एवं एक हजार रूपये जुर्माने से दण्डित किया गया। अभियोजन मीड्यिा सेल प्रभारी दीपक जमरा द्वारा घटना के संबंध में बताया कि दिनांक 24.08.2022 को फरियादी हरिराम ने गांव के कन्हैयालाल के साथ थाना भावगढ़ में उपस्थित होकर रिपोर्ट की कि वह ग्राम नंदावता में रूंडी बालाजी मंदिर के पास तार फेंसिंग के लिए गड्डे खोद रहा था, तभी दिन के 01:00 बजे गांव का राधेश्याम सांसरी आया व उससे कहने लगा कि यहां गड्डे मत खोद तो उसने कहा कि गांव के सरपंच व अन्य लोगों ने चारों तरफ 25-25 फीट रास्ता छोड़कर उसे मंदिर की बाउंड्री के लिए गड्ढे खोदने की कहा है, इसलिए वह खोद रहा है तो फरियादी ने कहा कि मैं सरपंच साहब को फोन लगाकर बुला लेता हूं वो जहां बोलंगे वहां गड्ढे खोद दूंगा तो वह सरपंच साहब को फोन लगाने लगा, तो इतने में आरोपी राधेश्याम ने उसका फोन नीचे गिरा दिया और बोला कि सरपंच साहब कौन होते है और उसके साथ धक्का मुक्की करने लगा और मना किया तो आरोपी ने फरियादी के साथ मारपीट करने लगा और आरोपी द्वारा फरियादी के बॉये हाथ पर काट लिया तो फरियादी जैसे तैसे छुड़वाया तो आरोपी ने फरियादी को ईंट की मारी, जिससे उसके कान पर चोट लग गयी, जब वह चिल्लाया तो गांव का कन्हैयालाल व राजु गायरी दोनों मौके पर आये और उसका बीच बचाव कर उसे आरोपी से छुड़वाया था। आरोपी राधेश्याम जाते-जाते नंगी-नंगी गालियां देते हुए बोला कि आज के बाद गड्ढे खोदने आया तो जान से मार देगें। फरियादी की उक्त रिपोर्ट पर पुलिस थाना भावगढ़ में अभियुक्त के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट लेखबद्ध की गई। प्रकरण में विवेचना कार्यवाही प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान घटना स्थल का नक्शामौका बनाया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। संपत्ति जब्ती की कार्यवही की गई। साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किये गये। आहतगण के चिकित्सीय दस्तावेज प्राप्त कर प्रकरण में संलग्न किये गये तथा संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग-पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान प्रकरण में न्यायालय के समक्ष अभियोजन अधिकारी द्वारा रखे गये तथ्यो व तर्को से सहमत होकर साक्ष्य के आधार पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषसिद्ध किया। प्रकरण में अभियोजन का सफल संचालन सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्री बलराम सौलंकी द्वारा किया गया।

### आचार्य प्रमोद कृष्णम का दावा...

## सत्ता में आते ही राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल देंगे राहुल गांधी

**संभल (उत्तर प्रदेश), 6 मई।** पूर्व कांग्रेस नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने विस्फोटक दावा किया है। समाचार एजेंसी पीटीआई से चर्चा में उन्होंने कहा कि सत्ता में आने पर राहुल गांधी राम मंदिर पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला वैसे ही बदल देंगे, जैसा तीन तलाक पर शाहबानो केस में उनके पिता राजीव गांधी ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला बदल दिया था।



आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा, मैंने कांग्रेस में 32 साल से अधिक समय बिताया है। जब राम मंदिर का फैसला आया, तो राहुल गांधी ने अपने करीबी सहयोगियों के साथ एक बैठक में कहा कि कांग्रेस सरकार बनने के बाद वे एक सुपर कमिशन का गठन करेंगे और राम मंदिर के फैसले को पलट देंगे। प्रमोद कृष्णम ने कहा कि इस बैठक में राहुल गांधी के अमेरिका वाले गुरु (सैम पित्रोदा) भी मौजूद थे और राहुल ने उनके इशारे पर ही यह बात कही। बता दें, कांग्रेस ने पिछले दिनों प्रमोद कृष्णम को पार्टी से निकाल दिया था। राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण ठुकराने के बाद प्रमोद कृष्णम पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से नाराज थे और खुलकर आलोचना कर रहे थे।

## 14 मई के दिन क्रॉस चेक के दौरान अगर फैक्ट्री के मजदूरों के हाथ में अमिट स्याही का निशान नहीं दिखने पर फैक्ट्री पर लगेंगे ताले-कलेक्टर

**मंदसौर, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री दिलीप कुमार यादव ने लोकसभा निर्वाचन के लिए नियुक्त सभी नोडल अधिकारियों की बैठक लेते हुए श्रम विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि, मतदान दिवस के दिन अवकाश रहेगा, लेकिन ऐसी विशेष संस्था या फैक्ट्री जहां पर कार्य बंद नहीं हो सकता। जहां पर कार्य तीन शिफ्ट में चलता है, ऐसे संस्थानों पर काम करने वाले मजदूर मतदान करने से वंचित नहीं रहने चाहिए। ऐसी फैक्ट्री एवं संस्थाओं की 14 मई के दिन एफएसटी टीम के द्वारा जांच की जाएगी। अगर जांच के दौरान किसी फैक्ट्री में मजदूर की उंगली पर अमिट स्याही का निशान नहीं दिखा तो फैक्ट्री को सील बंद करने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर श्रीमती एकता जायसवाल सहित सभी नोडल अधिकारी, सहायक नोडल अधिकारी मौजूद थे।



कलेक्टर श्री यादव ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 135-ख की उप धारा (1) अनुसार किसी कारोबार, व्यवसाय, औद्योगिक उप क्रम या किसी अन्य स्थापना में नियोजित प्रत्येक व्यक्ति को, जो लोकसभा या किसी राज्य की विधानसभा के लिये निर्वाचन में मतदान करने का हकदार है, मतदान के दिन अवकाश मंजूर किया जाएगा। जिले में निजी या सार्वजनिक/कार्यरत प्रत्येक कामगार को 13 मई 2024 को सवैतनिक अवकाश दिया जाने हेतु कारखाना/ व्यापारियों/ प्रतिष्ठान/ संस्थान स्वामियें को आदेशित किया जाता है। अवकाश के दिन किसी व्यक्ति की मजदूरी से कोई कटौती या उसमें कोई कमी नहीं की जाएगी। लोकसभा प्रबंधक को निर्देश देते हुए कहा कि मतदान दिवस के लिए बेहतर कम्युनिकेशन प्लान तैयार किया जाए। जिन मतदान केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे, वह कार्य जल्द पूर्ण करें। इसके साथ ही मतदान दलों के वाहनों पर जीपीएस सिस्टम लगाने का कार्य 10 मई तक पूर्ण करें। 9 मई के दिन सभी सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों का एक विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाए। मतदान केंद्रों पर नियुक्त एसपीओ का भी प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। सभी कर्मचारियों को ईडीसी समय पर वितरण हो। इसका विशेष तौर पर ध्यान रखें। स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मतदाता पर्ची का वितरण शत प्रतिशत हो। इस कार्य का नोडल अधिकारी हर रोज समीक्षा भी करें। आदर्श मतदान केंद्र, महिला बूथ एवं दिव्यांग व्यक्तियों के लिए कुछ स्पेशल बूथ भी बनाएं।



### माहेश्वरी नवयुवक मंडल की कार्यकारिणी का गठन

**मनासा, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** माहेश्वरी नवयुवक मण्डल मनासा की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से अध्यक्ष:- चिराग बसेर, सचिव:- सुलेख बाहेती, उपाध्यक्ष:- हर्ष बाहेती, कोषाध्यक्ष:- संदीप झवर, सह सचिव:- अनिकेत झंवर, क्रीड़ा सचिव:- नमन लाठी, सांस्कृतिक सचिव:- स्वर्णीम मूंदड़ा एवं कार्यकारिणी सदस्यों में अंकित झवर, अनमोल मंत्री, गौरव मंत्री, अनिस्क कासट, सर्वेश झवर, अनुज सोडानी, स्नेहा सारडा, आदित्य तोषनीवाल , दीपक बाहेती, अभिनव परवाल, सुमित कासट, ऋषभ चोकडा, अभिरुप मंत्री, हनेश पलोड को मनोनीत किया गया है। सभी समाजजनों की ओर से कार्यकारिणी सदस्यों को बधाई दी।

### मतदाता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण अभियान के तहत मतदान केंद्रों पर पौधारोपण सम्पन्न

**नीमच, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मतदाता जागरूकता एवं पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के सभी मतदान केंद्रों पर मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गई और आंगनवाडी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं व्दारा मतदान केंद्रों, प्रांगण में पौधा रोपण मतदाताओं से करवाया गया। मतदाताओं को 13 मई को मतदान केंद्रों पर पहुंचकर, मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। बीएलओ व्दारा मतदाताओं के घर जाकर मतदाता पर्ची का वितरण भी किया गया।

## उत्तराखंड: जंगलों में लगी आग हुई बेकाबू, नैनीताल और बागेश्वर में हालात नाजुक, एयरफोर्स से मांगी मदद

**नई दिल्ली, 6 मई।** उत्तराखंड के जंगलों में आग बेकाबू हो गई है। अभी भी कुमाऊं मंडल के नैनीताल और अल्मोड़ा के जंगलों में धुआं निकल रहा है। गढ़वाल मंडल के पौड़ी में हालात बेहद खराब हो गए हैं। डीएम ने एयरफोर्स से मदद मांगी है। जंगलों से लगातार धुआं उठ रहा है। वहीं, ये भी सामने आया है कि कुछ लोग आग भड़काकर रील बना रहे हैं। पुलिस ने तीन युवकों को अरेस्ट किया है। ये युवक बिहार के हैं, जो रील में कहते दिख रहे हैं कि आग से बिल्कुल डर नहीं लगता। सोशल मीडिया पर रील वायरल होने के बाद पुलिस ने एक्शन लिया है।

प्रशासन आग बुझाने में जुटा है, लेकिन उसके प्रयास सिरे नहीं चढ़ रहे। जिसके भारतीय वायुसेना से हेल्प मांगी गई। पता लगा है कि सेना का एक विमान आग बुझाने के लिए पौड़ी गया है। उत्तराखंड वन विभाग ने बताया है कि लगातार कुमाऊंऔर गढ़वाल में आग की घटनाएं सामने आ रही हैं। जहां चीड़ के पेड़ अधिक है। गर्मी के मौसम में इनसे लीसा निकलता है, जिससे आग भड़क रही है। आग ने प्रदेश की वन संपदा को खूब नुकसान पहुंचाया है। पिथौरागढ़ में सबसे ज्यादा घटनाएं हुई हैं। लेकिन अब हालात नियंत्रण में हैं। अल्मोड़ा, चंपावत, नैनीताल, बागेश्वर जैसे जिलों में कई घटनाएं सामने आई हैं। लेकिन बागेश्वर और चंपावत में हालात कुछ नियंत्रण में हैं। गढ़वाल मंडल के नरेंद्र नगर, कोटद्वार, टिहरी गढ़वाल, उत्तरकाशी, मसूरी, गोपेश्वर, रूद्रप्रयाग जैसे कई वन्यक्षेत्र आग के कारण तबाह हो चुके हैं। आग के कारण लगभग 749I6375 रिजर्व फॉरेस्ट एरिया (हेक्टेयर) को नुकसान पहुंचा है। वन अधिकारियों के मुताबिक आग से ज्यादा नुकसान कुमाऊं में अल्मोड़ा और गढ़वाल में पौड़ी जिले को पहुंचा है। अधिकतर मामलों में आग घास, पत्ती और पिरूल पर लगी है। जहां कम नुकसान हुआ है। वहीं, ग्राउंड फायर के मामले कम हैं, जब अधिक नुकसान होता हो। अभी कुछ इलाकों में आग लगी है। पौड़ी की आग को काबू करने के प्रयास जारी हैं। कई जगह आग पर काबू पा लिया गया है।



**आग के कारण 3 लोगों की मौत**– पौड़ी तहसील में आग बुझाने के प्रयास में एक 65 साल की महिला की मौत हो चुकी है। उसे झुलसने पर एम्स ऋषिकेश लाया गया था। वहीं, अल्मोड़ा के सोमेश्वर में दो लीसा श्रमिक भी आग से मर चुके हैं। मौसम विभाग ने कहा है कि देहरादून में 7-8 मई को बारिश का अनुमान है। वहीं, 11 मई से तेज बारिश प्रदेश में हो सकती है। जिससे आग बुझ जाएगी। कुमाऊंमें 7 और गढ़वाल में 8 मई को बारिश हो सकती है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव राधा रतूड़ी को विशेष तौर पर आदेश जारी किए हैं। जिसमें सभी जिलाधिकारियों को सप्ताह भर में आग की निगरानी करने का नोटिस जारी किया गया है। वहीं, चारे को जलाने पर एक सप्ताह का बैन प्रदेश में लगाया गया है। सीएम ने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### एमपी, राजस्थान ...

पेज 1 से जारी

महिला को पकडक़र 12 बोर की बंदूक, 21 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया था, मामले में रफीक फरार था। आरोपी की मध्य प्रदेश गुजरात और राजस्थान पुलिस तलाश कर रही थी। आरोपी पर एनडीपीएस, जानलेवा हमला, राजकार्य में बाधा, अवैध हथियार की तस्करी समेत एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को सूचना मिली कि रफीक अखेपुर गांव में है, जिसके बाद एक टीम को वहां भेजा गया। टीम ने गांव में दबिश देकर रफीक पिता अकदर शाह उम्र 40 साल को गिरफ्तार कर लिया। महिलाओं ने रफीक को पकड़ने का विरोध किया और शोर मचाया, विरोध के बीच रफीक को थाने लेकर आए। बता दे कि रफीक पर कुल 15 अपराध विभिन्न थानों पर दर्ज है। आठ सालों से तीन राज्यों की पुलिस को इसका इंतजार था।

## पांच दिवसीय आदि शंकराचार्य जयंती महोत्सव 8 से 12 तक

**भानपुरा, 6 मई गुरु एक्सप्रेस।** आगामी बुधवार 8 से 12 मई तक आध्य शंकराचार्य जयंती महोत्सव पूरे उत्साह पूर्वक मनाया जाएगा। श्री मठ् भानपुरा से जारी जानकारी के अनुसार जगतगुरु सेवा समिति एवं समस्त भक्तगण इस आयोजन को मनाने हेतु कटिबंध है। 8 मई बुधवार प्रात: 8:00 बजे पूजन पाठ एवं अभिषेक का आयोजन किया गया है एवं 9 से 11 मई तक प्रतिदिन विविध संगीतमय मय सांस्कृतिक व धार्मिक प्रस्तुतियां एवं नाम संकीर्तन कार्यक्रम जयपुर, भरतपुर व वृंदावन के कलाकारों द्वारा शाम 4:00 से 6:00 बजे से 9:30 बजे तक किया जाएगा साथ ही 9 से 11 मई तक स्वामी श्री 11 ज्ञानानंद जी तीर्थ महाराज एवं युवाचार्य स्वामी श्री वरुणेंद्र जी तीर्थ महाराज के प्रवचन का लाभ भी उपस्थित श्रद्धालु जन प्राप्त कर पाएंगे। इस अवसर पर 12 मई को नगर भानपुरा के मुख्य मार्गो से शोभायात्रा निकाली जाएगी।



स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है।
फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in